प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्र सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत देशभर में 22 नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स को मंजूरी दी गई है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 19 एम्स ने काम करना शुरू कर दिया है। श्रीमती पटेल ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत देश में एम्स की संख्या बढ़ाई है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने ट्रैफिक एसपी पर नाराजगी जताते हुए मौखिक रूप से कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए वृहद योजना बनाने की जरूरत है। सात वर्षों से यह जनहित याचिका चल रही है लेकिन रांची में जाम की समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है। कोर्ट ने अवैध ढंग से चल रहे ई–रिक्शा और ऑटो रिक्शा के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया।

****

डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी विशेष अभियान में पिछले 24 घंटे के दौरान 605 फरार अभियुक्तों और वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे अधिक हजारीबाग और बोकारो रेंज से फरार वारंटी पकड़े गये हैं। गौरतलब है कि डीजीपी ने राज्य में अपराध पर अंकुश लगाने का स्पष्ट निर्देश जारी किया है। इसी सिलसिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चिकित्सकों, पारा कर्मियों, संविदाकर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति पोर्टल की शुरुआत की है। इस पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा दर्ज की जा रही बायोमैट्रिक उपस्थिति का क्रास वेरिफिकेशन किया जायेगा। पोर्टल का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

****

गिरिडीह जिले में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का पंजीयन जारी है।

****

राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने नयी दिल्ली के जनपथ स्थित सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्री परिसर में झारक्रॉफ्ट इम्पोरियम का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हैदराबाद और चेन्नई समेत कई अन्य बड़े शहरों में इसके आउटलेट खोले जायेंगे। श्री भोक्ता ने कहा कि झारक्राफ्ट उत्कृ ष्ट उत्पादों के उत्पादन, बिक्री के साथ साथ बहुत से कारीगरों को रोजगार भी मुहैया करता है। सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज का परिसर काफी विख्यात है। यहां न सिर्फ देश से बल्कि विदेशों से भी ग्राहक आते हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से झारक्राफ्ट को नई पहचान मिलेगी।

****

राज्य के कई जिलों में आज और कल भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही लोगों को सतर्क रहने की भी सलाह दी गयी है। आज जिन जिलों में बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है उनमें सिमडेगा, सरायकेला–खरसांवा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, देवघर और धनबाद भी शामिल हैं।

****

पेरिस ओलिंपिक में आज भारतीय खिलाड़ी हॉकी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस और कुश्ती प्रतिस्पर्द्धाओं में उतरेंगे। भारत की पुरुष हॉकी टीम का सामना आज सेमीफाईनल में विश्व चैंपियन जर्मनी से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात साढे दस बजे शुरू होगा। नीरज चोपड़ा और किशोर जेना आज जैवलिन थ्रो के क्वालिफिकेशन राउंड से अपना अभियान शुरू करेंगे।भारतीय प्रतिभाएं आज कुश्ती और टेबल टेनिस में भी अपने प्रतिद्वंदियों का सामना करेंगी। कुश्ती् में एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट महिलाओं की 50 किलो ग्राम फ्री स्टाइल स्पर्धा में होंगी। टेबल टेनिस की टीम स्पर्धा में भारत के

शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर चीन के शीर्ष खिलाड़ियों का मुकाबला करेंगे। महिलाओं की चार सौ मीटर दौड़ में भारत की किरण पहल रीपचेज राउंड में ट्रैक पर होंगी।

****